प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.01.2026/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

मौसम

मौसम विभाग के ओरेंज अलर्ट के बीच प्रदेश में मौसम ने करवट ली है। राज्य में भारी बर्फबारी व बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। लाहौल स्पिति जिला मुख्यालय केलंग में लगभग 5 इंच, काजा में 3 इंच तक ताजा बर्फबारी दर्ज की गई है। जिले में लगभग 3 सौ 50 से अधिक सड़कें अवरूद्ध हैं वहीं बिजली भी बाधित हुई है। जिले में कोकसर से रोहतांग पास, कोकसर–एटीआर नॉर्थ पोर्टल–दारचा और दारचा से सरचू सड़क मार्ग बंद हैं। दारचा से शिंकुला टॉप, ग्राम्फू से बातल व संसारी, किलाड, तिन्दी, तांदी से लेकर कडू नाला सड़क मार्ग भी वाहनों के लिए बंद हो गया है।

इधर कुल्लू, मनाली, चंबा, किन्नौर, शिमला सहित राज्य के अन्य उंचाई वाले क्षेत्रों में रूक–रूककर बर्फबारी हो रही है जबकिं चंबा, कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर, सोलन सहित अन्य मैदानी इलाकों में तेज हवाओं के साथ रूक–रूककर वर्षा का दौर जारी है। राज्य में कई इलाकों में सड़क मार्ग व बिजली बाधित होने का भी समाचार है। पर्यटन स्थल शिमला के सराहां, तकलेच, ननखड़ी, रामपुर में सीज़न की पहली बर्फबारी दर्ज की गई है। इधर देहा चौपाल रोड़ में भारी हिमपात से ये मार्ग सभी वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो गया है।

वहीं कुल्लू जिले में भी बर्फबारी का दौर रूक–रूक कर जारी है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता।

कुल्लू जिले की उंची चोटियों पर आज सुबह से ही हल्का हिमपात हो रहा है जबकि निचले इलाकों में बारिश हो रही है। पर्यटन नगर मनाली में इस सीजन का पहला हिमपात हुआ है। इस बर्फबारी व बारिश होने से घाटी के लोगों ने राहत की सांस ली है और लंबे समय से चला आ रहा सूखे का दौर समाप्त हुआ है। वहीं मनाली, सोलंगनाला, कोठी में बर्फबारी होने से कारोबारी पर्यटन व्यवसाय में बढ़ौतरी की उम्मीद कर रही हैं। आकाशवाणी के लिए कुल्लू से आशीष शर्मा।

बर्फबारी व तेज हवाओं के चलते राज्य में जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार आज कुछ क्षेत्रों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा गति की तेज ठंडी हवाएँ चलने का अनुमान है। प्रशासन ने स्थानीय लोगों व पर्यटकों को अनावश्यक यात्रा से बचने और मौसम व सड़क की स्थिति संबंधी आधिकारिक जानकारी लेते रहने की सलाह दी है।

मौसम विभाग ने प्रदेश में आज राज्य के 9 जिलों में अलग–अलग स्थानों पर भारी वर्षा, बर्फबारी और आंधी तूफान का ओरेंज अलर्ट जारी किया है।

इस बीच प्रदेश में हुई ताजा बर्फबारी व बारिश से किसान व बागवान बेहद खुश हैं। राज्य में लंबे समय से चला आ रहा सूखे का दौर खत्म होने से लोगों ने राहत की सांस ली है।

शिमला में नए साल की पहली बर्फबारी हो रही है और काफी अच्छा मौसम है। बागवानों के लिए इसका फायदा है क्योंकि काफी टाइम से बारिश और बर्फबारी नहीं हो रही थी। सूखा था न चला हुआ और अब टूरिस्ट भी काफी मात्रा में आएंगे।

बसंत पंचमी

आज देश के विभिन्न हिस्सों में बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा का त्योहार धार्मिक और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर लोग विशेषकर विद्यार्थी ज्ञान और विद्या की देवी सरस्वती की पूजा करते हैं। यह त्योहार वसंत ऋतु के आगमन का भी प्रतीक है। इस अवसर पर कुल्लू जिले में दोपहर को भगवान रघुनाथजी की शोभा यात्रा निकाल कर उन्हें ढालपुर मैदान तक लाया जाएगा जहां से उन्हें रथ पर बिठा उनके अस्थायी शिविर तक ले जाया जाएगा। कुल्लू में बसंत पंचमी को भरत मिलाप के रूप में भी मनाया जाता है। बाद में रघुनाथजी को गुलाल चढ़ाया जाएगा तथा आगामी 40 दिनों तक यही क्रम जारी रहेगा व चालीसवें दिन होली का त्योहार मनाया जायेगा।

प्रधानमंत्री–मन की बात.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 25 तारीख को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 130वीं कडी होगी। लोग इस कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। वे नमो ऐप या मायगॉव ओपन फ़ोरम के माध्यम से ऑनलाइन भी अपने सुझाव साझा कर सकते हैं। 1922 पर मिस्ड कॉल देकर और एसएमएस के माध्यम से प्रधानमंत्री को अपने सुझाव आज 23 जनवरी तक भेज सकते हैं।

पराक्रम दिवस

आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती है। ये दिन हमें याद दिलाता है कि भारत की आजादी के पीछे केवल इतिहास नही बल्कि अनगिनत बलिदान छिपे हैं। इस अवसर पर संस्कृति मंत्रालय आज से अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पराक्रम दिवस–2026 का आयोजन कर रहा है। स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चन्द्र बोस के जीवन और विरासत से जुड़े देश भर के 13 अन्य स्थानों पर भी यह उत्सव मनाया जाएगा। यह उत्सव उनके साहस, बलिदान और देशभक्ति की अमर विरासत को श्रद्धांजलि अर्पित करता है। यह उत्सव इस माह की 25 तारीख तक चलेगा।

हालड़ा

लाहौल–स्पीति जिले की ग्राम पंचायत कोकसर में हालड़ा उत्सव आज से शुरू हो जाएगा, जो करीब एक माह तक चलेगा। उत्सव के आयोजन और जन–धन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लाहौल–स्पीति की एसडीएम कुनिका एकर्स ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और मोटर वाहन अधिनियम के तहत आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार कोकसर की ओर खासकर पर्यटन से जुड़े वाहनों पर की आवाजाही पर प्रतिबंध रहेगा, हालांकि यह प्रतिबंध बीआरओ के वाहनों और एंबुलेंस, पुलिस तथा अन्य आपात सेवाओं पर लागू नहीं होगा। ये आदेश आज से प्रभावी रहेंगे।